विद्यार्थी गृह इंटरनेट कार्यक्रम

विवरण

जिन छात्रों के घर पर भरोसेमंद इंटरनेट नहीं है उनके लिए इंटरनेट एक्सस निःशुल्क उपलब्ध है। यह 'विद्यार्थी गृह इंटरनेट इंटरनेट कार्यक्रम' के माध्यम से मिलता है। भरोसेमंद इंटरनेट एक्सस होने से, विस्तारित (एक्सटेंडेड) ज्ञानार्जन के उद्देश्य के लिए घर पर ऑनलाइन अध्ययन में सहायता मिलती है। इससे अध्यापकों को सीखने की ऐसी चीज़ें तैयार करने का अवसर मिलता है जिनमें डिजिटल तकनीकी का प्रयोग होता है। पात्र छात्रों के परिवार इस इंटरनेट एक्सस के लिए आग्रह करने के लिए इस पेज पर आगे बताए गए कदम उठाएँ।

पात्रता

SA के सभी सरकारी स्कूलों के उन विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध है जिनके घर पर उचित इंटरनेट एक्सेस नहीं है। यह आवश्यक है कि विद्यार्थियों द्वारा इस इंटरनेट एक्सस को घर पर केवल सीखने और पढ़ने के लिए ही काम में लिया जाए।

हम क्या-क्या प्रदान करेंगे

विभाग आपको निम्नांकित सप्लाई करेगा:

- यदि आपको आवश्यकता हो तो, एक डोंगल (छोटी सी USB डिवाइस)
- एक मोबाइल इंटरनेट SIM कार्ड
- विद्यालय वर्ष के अंत तक के लिए घर पर इंटरनेट एक्सस

वर्ष के अंत में इस इंटरनेट एक्सस को बंद कर दिया जाएगा। यदि आपको अगले साल भी इसकी आवश्यकता हो तो आप इसके लिए दोबारा आवेदन कर सकते हैं। यदि आपका बच्चा एक ऐसा लैपटॉप या टेबलेट काम में लेता है जिसमें SIM कार्ड के लिए छेद (स्लॉट) है तो उसे डोंगल की आवश्यकता नहीं होगी।

इस गृह इंटरनेट के लिए आग्रह करना

आप इस सेवा के लिए किसी भी समय आग्रह कर सकते हैं। एक घर के लिए केवल 1 ही आग्रह फॉर्म भरने की आवश्यकता है, क्योंकि इस इंटरनेट एक्सस को कई विद्यार्थी काम में ले सकते हैं।

गृह इंटरनेट एक्सस के लिए आग्रह करने हेतु:

- आग्रह फॉर्म तथा उपयोगकर्ता एग्रीमेंट को भरें।
- ईमेल, फैक्स या व्यक्तिगत रूप से जाकर इस फॉर्म को जमा करवाएँ।

इसके बाद आपका विद्यालय इंटरनेट सेवा के लिए इस विभाग से आग्रह करेगा। हम आपका एक्सस सैट-अप कर देंगे और ज़रूरत की डिवाइसें विद्यालय को भेज देंगे। जब ये डिवाइसें ले जाने के लिए तैयार हो जाएँगी तब आपका विद्यालय आपको बता देगा।

यदि आप विद्यालय वर्ष के दौरान आवेदन करते हैं, तो आपका एक्सस सैट-अप करने के लिए 2 से 3 सप्ताह का समय दें।

संपर्क

यदि आपको अतिरिक्त सहायता चाहिए तो अपने विद्यालय से संपर्क करें।